/

**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 03.07.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार ककरा काकर कुंड में शहीदो की स्मृति में बन रहे जैव विविधता पार्क में कल दिनांक 04.07.2020 को बृहद वृक्षारोपण की हो रही तैयारी, लगाये जा रहे 11 हजार पेड़।**
- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा शहर का भ्रमण कर जल–भराव की समस्याओ का किया गया निस्तारण।**
- **नगर निगम द्वारा मानसून के आने के साथ ही अनेक वेक्टेरिया जनित संचारी रोगों के संक्रमण के बचाव हेतु संचारी रोग नियंत्रण के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सफाई अभियान चलाया जा रहा है।**

1– ककरा काकर कुंड गर्रा नदी के किनारे 10 हेक्टयर क्षेत्रफल पर नगर निगम द्वारा शहीदो की स्मृति में जैव विविधता पार्क का निर्माण किया जा रहा है। बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम कल दिनांक 04.07.2020 को मा0 मंत्री वित्त एवं चिकित्सा शिक्षा श्री सुरेश कुमार खन्ना जी की गरिमामय उपस्थिति होगा। जैव विविधता पार्क में पौधो का चयन विशेषज्ञों के परामर्श से किया गया है। इस पार्क में विभिन्न प्रजातियो के 11 हजार पौधो को लगाया जा रहा है, जिसमें आम, कटहल, अमरूद्ध, करौदा, नीम, पीपल, पाकड़,बरगद,बॉस,आदि के वृक्ष शामिल है। इस पार्क में पंचवटी उद्यान,औषधीय वृक्ष,हरीशंकरी वृक्षो के लिये अलग–अलग सेक्टर बनाये गये है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रतिदिन अपनी उपस्थिति एवं अपने निर्देश में वृक्षारोपण की कार्यवाही करायी जा रही है। मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान द्वारा अपनी देख–रेख में वृक्षो को लगाये जाने हेतु गढडो की खुदाई युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। श्री पी0के0सिंह सहायक अभियन्ता (जल) प्रभारी उद्यान अधिकारी नगर निगम द्वारा जिला उद्यान अधिकारी एवं लोक भारती संस्था तथा प्रभागीय वनाधिकारी के परामर्श एवं सहयोग से विभिन्न प्रकार के चिन्हित वृक्षो को एकत्र किया जा रहा है। कल दिनांक 04.07.2020 कुल 11 हजार वृक्षो को लगाया जायेगा।

2–नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज प्रातकाल हुई बारिश के दृष्टिगत शहर का भ्रमण कर नाला सफाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अन्टा चौराहा स्थित नाले में गन्दगी पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा क्षेत्रीय सफाई एवं खादय निरीक्षक का स्पष्टीकरण लेते हुये तत्काल नाला साफ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। आज की बारिश के उपरान्त कुछ क्षेत्रो में जलभराव की शिकायत प्राप्त हुई जिसको टीम भेज कर निस्तारित कराया गया। इस सम्बन्ध में मो0 गदियाना में रोड पर, चित्रा टाकीज के पास तथा मल्हार टाकीज वाली गली में जलभराव की सूचना प्राप्त हुई जिसे तत्काल नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई एवं खादय निरीक्षक को भेज कर निस्तारित कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि यदि किसी क्षेत्र में जलभराव या नाला जाम होने की शिकायत प्राप्त हुई तो सम्बन्धित सफाई एवं खादय निरीक्षक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

क्रमश........................(2)

Generated by CamScanner

3– वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण के साथ–साथ मानसून आ जाने के कारण अनेक वैक्टरजनित संचारी रोगो के संक्रमण की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण तथा उपचार एवं संभावित संक्रमण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ नगर निगम द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत आज दिनांक 03.07.2020 को मो0 इन्दिरा नगर, मढ़ा,अहमदपुर निवाजपुर,खिरनीबाग,मक्कू बजरिया,खलीलशर्की में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव में विशेष सफाई अभियान कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।

Generated by CamScanner